वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 234 शुक्रवार 22 दिसम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## एसीएस सुबोध अग्रवाल ने अधिकारियों की ली बैठक

### जलदाय विभाग बनाएगा 100 दिन का एक्शन प्लान और 25 साल का विजन, स्टेट लेवल कोर ग्रुप का गठन

**जयपुर. कासं।** जलदाय विभाग 100 दिन का एक्शन प्लान बनाएगा। इसके साथ ही 25 साल का विजन प्लान भी बनेगा। इसको लेकर गुरुवार को विभाग के एसीएस सुबोध अग्रवाल ने अधिकारियों की मीटिंग ली और एक्शन प्लान पर विचार-विमर्श किया। इसके लिए राज्य स्तरीय कोर ग्रुप गठित किया है। सौ दिवसीय कार्य योजना में जेजेएम के तहत एफएचटीसी के लक्ष्य हासिल करना, हर घर जल प्रमाणीकरण, हैंडपंपों का सर्वे कर खराब हैण्डपंपों की मरम्मत करना, शहरी जल प्रदाय योजनाओं को समय पर पूरा कर जलापूर्ति में सुधार व शहरी क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था में सुधार करते हुए अवैध जल कनेक्शन हटाने सहित अन्य मामले शामिल किए जा रहे हैं। बैठक में सीई (जेजेएम) आरके मीणा, सीई राकेश लुहाड़िया, सीई (जोधपुर) नीरज माथुर, एसीई (शहरी) अमिताभ शर्मा, एसीई राजसिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में एसीएस सुबोध अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। इसे क्रियान्वित करने के लिए एक निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। उन्होंने पेयजल से जुड़ी योजनाओं में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाओं की सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता में खराबी पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जयपुर फोटोग्राफर्स क्लब की 11वीं वार्षिक फोटो एग्जीबिशन शुरू

### 2024 जेपीसी कैलेंडर, लुक बुक और कॉफी टेबल बुक का हुआ विमोचन

**जयपुर. कासं**



जयपुर फोटोग्राफर्स क्लब (जेपीसी) की 11वीं वार्षिक फोटो एग्जीबिशन का गुरुवार शाम को जवाहर कला केंद्र (जेकेके) की चतुर्दिक आर्ट गैलरी में भव्य शुभारंभ हुआ। एग्जीबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि, चीफ कमर्शियल मैनेजर (सीसीएम) उत्तर पश्चिम रेलवे, भारत सरकार, आईआरटीएस विवेक रावत की ओर से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ फोटोग्राफर सुधीर कासलीवाल, अंतराष्ट्रीय यात्रा लेखक धर्मेंद्र कंवर, फ्रीलांस फोटोग्राफर और सलाहकार उमेश गोगना और सुबोध पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल कमलजीत यादव विशिष्ट मेहमान के रूप में उपस्थित रहे। जयपुर फोटोग्राफर्स क्लब के फाउंडर अनिल खुबानी सहित राम चंद खुबानी, नकुल कंछल, पंकज मंडोवरा, शेर बहादुर सिंह, खुशीराम पांडे, गौरव अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के दौरान वर्ष 2024 जेपीसी कैलेंडर और कॉफी टेबल बुक्स का विमोचन किया गया। इसमें अनिल खुबानी की ओर से पूर्वोत्तर का सफर और अजय नायर, शिबू नायर और पवनेश अरोड़ा की ओर से स्पीतिफाइड कॉफी टेबल बुक शामिल थीं। इसके अतिरिक्त लैंडस्केप ऑफ इंडिया थीम पर 2024 जेपीसी कैलेंडर और एग्जीबिशन 2023 की लुक बुक का भी विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि विवेक रावत सहित सभी अतिथियों ने एग्जीबिशन का अवलोकन किया और प्रतिभागियों के विजन और कौशल की सराहना की। रावत ने कहा कि यहां प्रदर्शित हर एक तस्वीर अपनी एक कहानी बयां कर रही है। फोटोग्राफर्स ने बड़ी खूबसूरती के साथ अपने जीवन के पलों को कैमरे में कैद किया है, जो कि उनके फोटोग्राफी के प्रति जुनून को साफ दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि जयपुर फोटोग्राफर्स क्लब द्वारा इस प्रकार के आयोजन न केवल देश के, बल्कि विश्वभर से कलाकारों को एक मंच पर लाने का अच्छा प्रयास है। इससे कला और रचनात्मकता के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलता है।

## 19 जनवरी से शुरू होगा राजस्थान विधानसभा सत्र, राज्यपाल का होगा अभिभाषण

**जयपुर. कासं**

नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण और नए विधानसभा अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद विधानसभा को 19 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है। यानि अब विधानसभा का बजट सत्र 19 जनवरी से शुरू होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र के अभिभाषण के साथ सत्र की शुरूआत होगी। यह सत्र लंबा चलेगा। विधानसभाध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद वासुदेव देवनानी ने भी कहा है कि साल में 40 दिन तक सदन चलाया जाएगा। इस सत्र के दौरान ही नवनिर्वाचित सरकार का पहला बजट भी पेश किया जाएगा। साथ ही कुछ बिल भी इस सत्र के दौरान पेश किए जाएंगे। भाजपा ने जो घोषणा पत्र तैयार किया है। इसमें शामिल कुछ घोषणाओं को सत्र के दौरान घोषित किया जा सकता है। सरकार ने इसे सरकारी दस्तावेज बनाने की भी घोषणा की है।



### पहला ही सत्र होगा हंगामेदार

भले ही प्रदेश में सरकार गठन को ज्यादा समय नहीं हुआ हो, लेकिन विपक्ष जनवरी में शुरू होने वाले सत्र के दौरान सरकार को घेरेगा। दो दिन के शपथ ग्रहण के लिए हुए सत्र के दौरान ही सांसदों के निलंबन मामले में विपक्ष हंगामा मचा चुका है। इस बार कांग्रेस के 69 विधायक जीतकर सदन में पहुंचे हैं। सभी अनुभवी और वरिष्ठ हैं, ऐसे में भाजपा को भी किसी अनुभवी विधायक को फ्लोर मैनेजमेंट की जिम्मेदारी देनी होगी। **विभाग 100 दिन की कार्ययोजना में जुटे:** सीएम भजन लाल शर्मा ने सभी विभागों के अतिरिक्त व प्रमुख सचिवों को 100 दिन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सभी विभागों ने इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया है। इस कार्य योजना के अनुसार भी सरकार आने वाले दिनों में काम करेगी। कार्ययोजना में पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल बिन्दुओं को शामिल किया जाएगा।

# गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट के जन मंगल अभियान में हो रही मानव सेवार्थ गतिविधियां

## सरकारी स्कूल में 500 बच्चों को बांटे स्वेटर-शुक्रवार को होंगे आंखों के आपरेशन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

समाज एवं मानव सेवा कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे महाप्रज्ञ सेवा प्रकल्प के तहत गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 30 दिवसीय जन मंगल अभियान में लगातार मानव सेवार्थ गतिविधियां की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को सरकारी स्कूल में सर्दी से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर बांटे गए। समिति सदस्य विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक श्रद्धेय गुलाब चन्द मेहता बैद की 50वीं पुण्य स्मृति पर ट्रस्ट द्वारा 14 जनवरी तक आयोजित जन मंगल अभियान के अन्तर्गत प्रबंध ट्रस्टी शासन सेवी डॉ. नरेश कुमार मेहता - नीरु मेहता के नेतृत्व में खोराबीसल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 500 छात्र छात्राओं हेतु सर्दी से बचाव के लिए गर्म ऊनीं स्वेटर वितरित किए गए। समारोह में पुण्यार्जक नरेश मेहता - तेरापंथ महिला मण्डल की अध्यक्ष नीरु मेहता, सम्यक - छवि मेहता एवं अतिथियों ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, प्रसिद्ध नैत्र चिकित्सक डॉ एस एस तंवर, समाजसेवी अमर चन्द दीवान खोराबीसल, सरपंच सुरेन्द्र डाबी, समाजसेवी मुनीर खान, तेरापंथ महिला मण्डल की सहमंत्री सोनम कोठारी भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रधानाचार्य आशा गुप्ता एवं उप प्रधानाचार्य राज कुमार एवं अन्य अध्यापकों ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र का तीन बार सामूहिक उच्चारण किया गया। अपने उदबोधन में नरेश मेहता ने कहा कि मानव सेवा करने में मुझे आनन्द की प्राप्ति होती है। विनोद जैन कोटखावदा ने ट्रस्ट द्वारा नियमित रुप से की जा रही मानव सेवार्थ गतिविधियों पर प्रकाश डाला। गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट में चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डा तंवर ने अपने उदबोधन में नैत्र चिकित्सा सहित चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर आयोजित करने की जानकारी दी। इस मौके पर ग्रामीणों तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों ने सहभागिता निभाई। संचालन सतीश शर्मा ने किया। श्री मेहता ने जन मंगल अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान 1500 नैत्र रोगियों की आंखों के आपरेशन किये जाएंगे। आचार्य महाप्रज्ञ छात्रवृति वितरण, जरुरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरण, महाप्रज्ञ स्मृति भक्ति संध्या, कम्बल वितरण, चश्मा व दवाइयां वितरण, ट्राईसाईकिल वितरण, जयपुर फुट, पाठ्य सामग्री वितरण सहित कई सेवा कार्य किये जाएंगे। विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि शुक्रवार को बाडा पदमपुरा में गुलाब कौशल्या चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पदम ज्योति नैत्र चिकित्सालय में नैत्र रोगियों के आपरेशन किये जाएंगे।

# शुभ दिन और सुख के दिनों को तीर्थ क्षेत्र पर व्यतीत करना चाहिए: मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज

## दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में ही मनाया जायेगा नववर्ष: विजय धुर्रा

**आगरा. शाबाश इंडिया।** शुभ दिन और सुख के दिन मंदिरो में, तीर्थक्षेत्रों में और गुरुओ के पास व्यतीत करना चाहिए। आपके लिए नयावर्ष शुभ दिन है या अशुभ दिन, शुभ दिन मानते हो तो नए वर्ष का दिन नियम से अपने भगवान के पास अपने गुरुओं के पास, तीर्थक्षेत्र पर व्यतीत करना है। यदि इसे मांगलिक करना है कोई भी व्यक्ति नए वर्ष पर अपने घर में अपने मां परिवार के हाथ का भोजन करें इस दिन होटलो में भोजन नही करेगा, कैटेरो के हाथ का नही करेगा, अपने माँ के, पत्नी के हाथ का ही भोजन करेगा, अपने घर मे करेगा, अपने घर परिवार के लोगो के बीच मे करेगा। जो शुभ दिन पर अपने घर में भोजन करता है जाओ कभी उसके घर मे अन्न की कमी नही आएगी, उसको ऐसी बीमारी नही आएगी कि वो अन्न खाने लायक ही नही रहेगा उक्त आश्य केउद्गार छीपीटोला में जिज्ञासा समाधान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए




**नववर्ष को सगुन वनाने के लिए देशभर की समाज को मार्ग दर्शन मिलेः विजय धुर्रा:** इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में विगत वर्षों से जव से आपकी प्रेरणा मिली है नव वर्ष पर दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में इक्तालीस दिसंबर को रात्रि में श्री भक्तावर जी का पाठ करते हैं और फिर नववर्ष के आगमन पर एक हजार आठ दीपों से श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग के संयोजक में महाआरती कर नव वर्ष का स्वागत करते हुए एक जनवरी को नववर्ष पर आदिनाथ स्वामी का महा अभिषेक और जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति करते हैं तो और किस तरह से इस दिन को हम सगुन वनाये ऐसा मार्ग दर्शन करे इसके पहले थूवोनजी कमेटी के संरक्षण राधे लाल चाचा राजीव चन्देरी संस्कार जैन सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान शिवपुरी के पूर्व कलेक्टर श्री आर के जैन रेलवे के पूर्व लोको अधिकारी वाई के जैन सहाब सहित अन्य अतिथियों का बहुमान कमेटी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि होटल, गार्डन, हिल स्टेशन कभी मंगल रूप नही हो सकती, मांगलिक होता है तीर्थक्षेत्र, मन्दिर, अपना परिवार, तुम्हारे माँ-बाप। इस दिन उनके बीच मे रहो, उनके साथ रहो, तुम्हारा परिवार अखण्ड होगा, कभी टूटेगा नही, घर उजड़ेगा नही क्योंकि शुभ दिन पर पूरे दिन घर मे रहे, एक साथ खाया पिया भगवान की भक्ति की महिमा बढाने के लिए महापुरुषों सौधर्मेन्द्र आदि को लाते है क्योंकि वह प्रामाणिक होते हैं, अवधिज्ञानी होते हैं।

# कृष्ण जन्म की कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

### जवाहर नगर सेक्टर-2 स्थित गीता मंदिर में चल रही संगीतमय भागवत कथा, कथा का समापन शनिवार को





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जवाहर नगर सेक्टर-2 स्थित गीता मन्दिर में चल रही संगीतमय भागवत कथा के पांचवे दिन बाल ब्रह्मचारी प्रेमानंद महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा का वर्णन किया। भगवान के जन्म की कथा सुन श्रोता भाव-विभोर हो गए। पुष्पेंद्र अग्रवाल और कमलेश अग्रवाल ने बताया कि कथा व्यास ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। महाराज ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

**झूम कर मनाई खुशियां:** दिनेश अग्रवाल ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को खिलौने, टॉफियां और मिठाईयां बाटी गई। इसके बाद भगवान गिरिराजधरण की झांकी सजा छप्पन भोग लगाया गया। कथा में सुभाष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौरतलब है कि गीता मंदिर में दोपहर 1 से 5 बजे तक संगीतमय भागवत कथा आयोजित की जा रही है। कथा का समापन शनिवार 23 दिसंबर को होगा।

# राग है-द्वेष हैं



राग है,द्वेष है
एक दूसरे को नीचा दिखाने की लगी सी होड़ है।
ऊंच है,नीच है
हार जीत की लगी सी होड़ है।
कोई साथ है,तो कोई अनाथ है
एक दूसरे से छीनने की लगी सी होड़ है।
खुद के सुख से सुखी नही
दूसरों के दुख में सुखी होने की लगी सी होड़ है।
मत पड़ मानव इन जंजालों में
राग-द्वेष,ऊंच-नीच
सुख-दुख,हार-जीत के पंचालों में।
आखिर में सबकी मंजिल एक है
न मिलेगा अंत समय कुछ
सिर्फ सफेद कफन ही तेरा एक है।

**स्वरचित: रचना शर्मा**
माध्यमिक शिक्षक: एमएस भुआ का पुरा

# इन्दुप्रभाजी सहज, सरल व वात्सल्य भाव की प्रतिमूर्ति-कमलप्रभाजी म.सा.

### गुरूणी मैया के बताए पथ पर चलकर धर्म प्रभावना कर रहे इन्दुप्रभाजी- चेतनाश्रीजी म.सा., जाप व सामायिक साधना के साथ मनाई गई वात्सल्यमूर्ति इन्दुप्रभाजी म.सा. की 44वीं जयंति

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित रूप रजत विहार में चातुर्मास सम्पन्न करने के बाद पाली-जैतारण की दिशा में गतिमान विहार यात्रा के तहत मरूधरा मणि महासाध्वी जैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या मरूधरा ज्योति वात्सल्यमूर्ति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. की 44वीं दीक्षा जयंति जप, तप, त्याग व सामायिक साधना के साथ बदनोर के मरूधर केसरी स्मृति भवन में गुरूवार को मनाई गई। इस अवसर पर मरूधर केसरी परम्परा एवं मधुकर परम्परा से जुड़ी 11 साध्वियों का समागम एक मंच पर होने से धर्म की गंगा खूब प्रवाहित हुई। इस अवसर पर श्रमण संघ के द्वितीय पट्टधर आचार्य सम्राट आनंदऋषिजी म.सा. की 110वीं दीक्षा जयंति, पूज्य गणेशलालजी म.सा. की 110वीं जयंति एवं जैन दिवाकर चौथमलजी म.सा. का 73वां पुण्य स्मरण दिवस होने से इन विभूतियों को भी श्रद्धाभाव से नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जिनशासन की सेवा व भक्ति का संकल्प लिया गया। आसीन्द चातुर्मास के बाद बदनोर में प्रवास कर रहे महासाध्वी कमलप्रभाजी म.सा. ने पूज्य इन्दुप्रभाजी म.सा. के दीक्षा जंयति पर उनका गुणानुवाद करते हुए कहा कि पूज्य जैनमतिजी म.सा. की सहज, सरल व जिनशासन को समर्पित इस सुशिष्या के गुणों को कुछ शब्दों में बयां करना आसान नहीं है। उन्होंने सुखद संयम जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इन्दुप्रभाजी इतनी सरल है कि हर किसी को अपना बना लेते है ओर सबके प्रति मन में करूणा व वात्सल्य भाव रखते हैं।



# नैनागिरि में वार्षिक जलविहार मेला एवं महामस्तकाभिषेक 24 से 26 दिसंबर तक आयोजित



**रत्नेश जैन, राजेश रागी. शाबाश इंडिया**

बकस्वाहा। तहसील अंतर्गत सुविख्यात श्री दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र रेशंदीगिरि नैनागिरि का वार्षिक जलविहार मेला विविध कार्यक्रमों के साथ दिनांक 24 से 26 दिसंबर (अगहन सुदी 13 से पूर्णिया) 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। जैन तीर्थ नैनागिरि कमेटी के मंत्री राजेश रागी व देवेंद्र लुहारी ने बताया कि बरदत्तादि ऋषिराजों की निर्वाण तथा भगवान पारसनाथ की समवशरण स्थली नैनागिरि में विगत वर्षो की तरह त्रय दिवसीय वार्षिक जलविहार मेला एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन प्रातः अभिषेक पूजन शांतिधारा, सायंकालीन आरती प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा 26 दिसम्बर मंगलवार को समापन अवसर पर प्रातः भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा आरती पूजन तथा दोपहर में भोजन उपरांत 1:30 बजे से जलविहार एवं समापन सम्मान समारोह किया जाएगा। इस महोत्सव का विधि विधान से निर्देशन पं. अशोक सिंघई बम्हौरी का रहेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जयंत मलैया विधायक एवं पूर्व मंत्री दमोह, शैलेंद्र जैन विधायक सागर, सुश्री रामसिया भारती विधायक बड़ामलहरा, वीरेंद्र सिंह लंबरदार विधायक बण्डा, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील जैन बाम एपी स्पेशल बरायठा, निलेश कुमार अनिल कुमार बमाना वाले, ज्ञानचंद बमाना वाले (अध्यक्ष व्यापारी संघ), महेंद्र भूसा, प्रशांत चौधरी बण्डा, हुकमचंद शिक्षक बम्हौरी को आमंत्रित किया गया है।

# वेद ज्ञान

## स्वार्थ का शालीन नाम मोह

स्वार्थ का शालीन नाम मोह है। हम सभी परस्पर स्वार्थ से जुड़ते हैं। इसी कारण उनके प्रति मोह रहता है। भोगों के परिप्रेक्ष्य में भी मोह रहता है, किंतु तब उसे आसक्ति कहा जाता है। अपेक्षा रखना स्वार्थ है। स्वार्थ ममत्व को जन्म देता है। ममत्व ही मोह है। लोक में व्यक्ति का (आत्मा का) तन, परिजन, मित्र, संबंधी और धन आदि से सीधा जुड़ाव होता है। सभी से कुछ न कुछ स्वार्थ सिद्ध होता है। इसलिए इनके प्रति स्वाभाविक मोह होता है। लौकिक-संबंध अथवा वस्तु हमारे लिए जितना उपयोगी होते हैं, उतने ही वे काम्य हैं। उनके प्रति उतनी ही आसक्ति दृढ़ होती है। हमें जिन लोगों के प्रति जितना मोह या राग- भाव होता है, उनके खोने (वियोग) का भय भी उतना ही प्रबल होता है। अब यदि इस मोह (राग-भाव) से छुटकारा पा लिया जाए तो सांसारिक दुखों से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। मोह से छूटने का एकमात्र उपाय है वैराग्य। वैराग्य वह शक्ति है जो मनुष्य को अभय प्रदान करती है। वैराग्य आत्मसाक्षात्कार कराने का प्रवेश द्वार है। वैराग्य-प्राप्ति की प्रक्रिया मन के रागात्मक होने वाले कारणों के सर्वथा विपरीत है। लौकिक संबंधों से अपेक्षाओं का पूर्णतया त्याग और उनके प्रति ममत्व त्याग कर निर्विकार होना वैराग्य-प्राप्ति का उपाय है, किंतु यह इतना सरल नहीं है, क्योंकि इसके लिए समत्व-बुद्धि का अनुभव करने के लिए दृढ़तापूर्वक अभ्यास करना पड़ेगा। समत्व-बुद्धि निर्मल-मन का विषय है। लौकिक अपेक्षा, कामना, आसक्ति और मोह आदि विकार संकीर्ण और अशुद्ध-मन के कार्य-व्यापार हैं। इसके विपरीत अलौकिक और सर्वव्यापक सत्ता को एकमात्र स्वीकार करना, उसी के साक्षात्कार की अपेक्षा रखना स्थिर-प्रज्ञ या समत्व-बुद्धि प्राप्त करने के प्रारंभिक चरण हैं। अलौकिक (परमात्म) सत्ता को सर्वोपरि मानने से लौकिक-प्रपंच स्वतः शांत होने लगते हैं। उस परम सत्ता को सर्वव्यापी जान लेने के बाद जीव-जीव में ईश्वर का वास होने से सभी में प्रेम होता है और सबके प्रति समत्व-बुद्धि विकसित होती है। यह मन की रागात्मक-मनोभूमि से ऊपर उठकर विरागी-स्थिति में प्रवेश करने की प्रक्रिया है। तब न किसी से शत्रुता होती है और न मित्रता। यदि कुछ होता है तो रागरहित मन में एक अलौकिक और स्थाई आनंद वास करता है।

# संपादकीय

## लोगों की निजता में खलल पर नकेल कसने की जरूरत

दूरसंचार सेवा के क्षेत्र में जिस तेजी से अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, उसी तेजी से इसके दुरुपयोग के खतरे भी बढ़े हैं। सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की कोशिश कर रही है, मगर इसमें व्यक्तिगत डेटा की चोरी, बैंक खातों में सेंधमारी, लोगों की निजता में खलल आदि की प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ी है। इस पर नकेल कसने के लिए संचार विभाग चौकसी के इंतजाम कर रहा है। बैंकों और दूरसंचार कंपनियों को भी अधिक जवाबदेह बनाया जा रहा है। मगर इंटरनेट के माध्यम से सूचनाएं भेजने, संवाद करने आदि के मामले में निजता का हनन रोकना जटिल ही बना हुआ है। ऐसे में सरकार ने एक सौ अड़तीस साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम में बदलाव कर व्यावहारिक दूरसंचार विधेयक लाने का मन बनाया है। इससे संबंधित प्रस्ताव लोकसभा में पेश किया जा चुका है। इस अधिनियम में भारी जुमार्ने और कारावास के कड़े प्रावधान होंगे। यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर



सरकार दूरसंचार सेवाओं को अस्थायी रूप से अपने नियंत्रण में ले सकती है। हालांकि इस अधिनियम में संचार कंपनियों को उपग्रह सेवाओं, लाइसेंस लेने या छोड़ने से संबंधित नियमों को काफी लचीला करने का भी प्रस्ताव है, ताकि दूरसंचार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़े और उपभोक्ता को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, प्रस्तावित कानून की जरूरत राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर अधिक महसूस की जा रही है। आज दूरसंचार सेवाएं जिस उन्नत अवस्था में पहुंच गई हैं और उनमें निरंतर विकास हो रहा है, उसमें भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 के प्रावधान बहुत कारगर साबित नहीं हो पाते। इस क्षेत्र में समय-समय पर आने वाली शिकायतों, मनमानियों और गड़बड़ियों के मद्देनजर सरकार अलग-अलग नियम-कायदे बना कर नियमित करने का प्रयास करती रही है। मगर कई मामलों में देखा जा चुका है कि दूसरे देशों में बैठे अपराधी दूरसंचार सेवाओं की मदद से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने की कोशिश करते हैं। कुछ मामलों में जासूसी करने, लोगों की निजी जिंदगी में घुसपैठ करने, दूसरों की बातचीत सुनने और रिकार्ड करने की आशंका संबंधी शिकायतें भी मिलती रही हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ न केवल कड़े दंड, बल्कि उन्हें संचार सेवाओं से बाहर करने का भी प्रावधान किया गया है। संचार सेवाओं का उपयोग लोग संचार संबंधी अपनी सुविधाओं के लिए करते हैं, उनमें किसी तरह की खलल या असुरक्षा उनके नागरिक अधिकारों का हनन है। इस दृष्टि से कड़े कानूनी प्रावधान जरूरी हैं। मगर इस विधेयक के कुछ प्रावधानों को लेकर विपक्षी दलों को आपत्ति है। हालांकि सरकार इस पर बहस को तैयार है, पर जिस तरह हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया गया, उस तरह के वातावरण में बहस कराने का प्रयास नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा की संवेदनशीलता से जुड़ा मुद्दा है। कुछ दूरसंचार कंपनियां भी सख्त नियमों के पक्ष में हैं, पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अगर उनकी सेवाओं पर नियंत्रण का अधिकार सरकार अपने हाथ में ले लेती है, तो उससे नागरिक हितों के बाधित होने की आशंका बनी रहेगी। **-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## नए कानून...

एक सदी से भी अधिक पुराने हो चुके टेलीग्राफ कानून की जगह लोकसभा में दूरसंचार विधेयक 2023 का प्रस्तुत किया जाना इस क्षेत्र के लिए एक स्वागत योग्य घटना है। यह क्षेत्र वित्तीय संकट और दो कंपनियों का दबदबा होने की आशंका से जूझ रहा है और ऐसे में माना जा रहा है कि प्रस्तावित नया विधेयक इसे राहत प्रदान करेगा। केंद्र सरकार ने इस विधेयक के जरिये सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है। विधेयक में सबसे बड़ा परिवर्तन सभी दूरसंचार प्लेटफॉर्म के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के सार्वभौमिक नियम के बजाय आवश्यक होने पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में प्रशासित मूल्य निर्धारण पर स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए स्थान बनाना है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में निर्णय दिया था कि प्राकृतिक सार्वजनिक संसाधनों मसलन स्पेक्ट्रम के वितरण के लिए प्रतिस्पर्धी नीलामी की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। तब से स्पेक्ट्रम का आवंटन केवल बोली प्रक्रिया के जरिये हुआ है। बिल पेश करने के साथ ही सरकार ने शीर्ष अदालत से यह स्पष्टीकरण भी चाहा है कि क्या वह उन मामलों में हवाई तरंगों को प्रशासित कीमत पर आवंटित कर सकती है, जहां प्रतिस्पर्धी बोली लगाना व्यावहारिक न हो। माना जा रहा है कि अदालत का जवाब इस मसले को हल कर देगा। प्रस्तुत विधेयक का उद्देश्य इंडियन टेलीग्राफ अधिनियम 1885, द इंडियन वायरलेस टेलीग्राफी ऐक्ट 1933 और टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 को प्रतिस्थापित करने वाला है और इससे दूरसंचार क्षेत्र को मदद मिलनी चाहिए, क्योंकि इसमें भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यानी ट्राई की शक्तियों को अक्षुण्ण रखा गया है। ट्राई के चेयरमैन के मामले में विधेयक समुचित अनुभव वाले निजी क्षेत्र के व्यक्ति के पक्ष में है। इससे इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से खुलापन आएगा। स्पेक्ट्रम के मामले में सुधार सामने आएंगे और एक बार कानून पारित हो जाने के बाद दूरसंचार कंपनियों का काम आसान हो जाएगा। यह सुखद है कि विधेयक सभी अंशधारकों के मसलों पर ध्यान देता है- उपभोक्ताओं को परेशान करने वाली कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त नियमन से लाभ होगा, अगर प्रस्तावित ऑनलाइन विवाद निस्तारण प्रणाली प्रभावी ढंग से काम करती है तो उद्योग जगत, राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को भी कुछ राहत मिलेगी। इसके अलावा दूरसंचार और टावर कंपनियों को अधोसंरचना में समर्थन मिल सकता है क्योंकि विधेयक किसी दूरसंचार नेटवर्क को क्षति पहुंचाने या किसी सेवा को बाधित करने वालों के खिलाफ कड़े कदम की बात कहता है। व्हाट्सऐप, स्काईप और अन्य ओवर द टॉप (ओटीटी) सेवाओं को राहत के रूप में उन्हें दूरसंचार नियमन से बाहर रखा गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि ओटीटी का नियमन इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र से जुड़ी अब तक की अस्पष्टता समाप्त हो जाएगी। बहरहाल, यह प्रावधान सरकार के हाथ का खिलौना नहीं बनना चाहिए, जिसमें कहा गया है कि आपात स्थिति में सरकार किसी भी दूरसंचार सेवा या नेटवर्क का अधिग्रहण कर सकेगी। इसका इस्तेमाल मुक्त बाजार का दमन करने या लोकतंत्र के दमन में नहीं होना चाहिए। निजता के नियम तथा किन परिस्थितियों में सरकार सेवाओं को अपने हाथ में ले सकती है, इसे पर्याप्त जांच और संतुलन के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए।

## सांसद दुग्गल ने क्षेत्र में रेल सेवा विस्तार को लेकर रेलवे महाप्रबंधक को लिखा पत्र

**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**



ऐलनाबाद। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल न केवल क्षेत्र के विकास व आमजन को धरातल स्तर पर सुविधा पहुंचाने के लिए गंभीरता से अपना दायित्व का निर्वहन कर रही है बल्कि नागरिकों की सामाजिक व धार्मिक भावना के अनुरुप भी संजीदगी से कार्य कर रही है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ नागरिकों को रेल एवं बस सुविधा आसानी से मिले, इसके लिए सांसद निरंतर प्रयासरत है। समय-समय पर सांसद दुग्गल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती है।

## अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन इंदौर में 24 को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 दिसंबर को इंदौर में आयोजित होगा। इस परिचय सम्मेलन के लिए सम्पूर्ण देश एवं विदेशों से लगभग 1200 युवक-युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए है। फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने बताया कि समाज की ज्वलंत समस्या बन रहे इस विषय पर फेडरशन पहली बार अंतरराष्ट्रीय एवं विशाल स्तर पर ये आयोजन करने जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य सूत्रधार एवं राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यशकमल अजमेरा ने बताया कि सम्पूर्ण देश एवं विदेशों से लगभग 1200 युवक-युवतियों के आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें आई टी एवं अन्य सभी प्रकार के प्रोफेशनल्स, इंडस्ट्रियलिस्ट, इंजीनियर, डाक्टर, सी. ए., व्यावसायी आदि शामिल है, इस सुअवसर पर प्राप्त 1200 परिचय की एक सुसज्जित परिचय पुष्प स्मारिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि जैन समाज में विवाह योग्य युवक युवतियों की विवाह की आयु बढ़ती जा रही है और संबंध तय करने में व उपयुक्त जीवन साथी की तलाश में समस्याएं आ रही है। इन्ही हालातों को देखते हुए इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा। मुख्य तकनीक संयोजक मनीष सोगानी एवं तकनीकी संयोजक अतुल छाबड़ा, रमेश छाबड़ा, सुरेंद्र कुमार जैन, नीरज जैन, भारत भूषण जैन ने बताया कि समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने बहुत उत्साह के साथ टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन आवेदन किये। फेडरशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या, नवीन सेन जैन, रीजन संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला ने सभी समाज जनों से सम्मेलन को आयोजित करने के उद्देश्यों को सार्थक करने एवं ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।

# निर्मल विवेक स्कूल में डोनेशन का कार्य किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 21 12 2023 गुरुवार को प्रातः 11.30 बजे दिगंबर जैन महासमिति पश्चिम संभाग के द्वारा (लाल कोठी इकाई) श्री निर्मल विवेक स्कूल मानसिक विकलांग विद्यालय के अंतर्गत जैनेंद्र कुमार जैन सुपुत्र वीरेंद्र कुमार - शांताजी सेठी महासमिति के विशिष्ट सदस्य एनआरआई के सौजन्य से एवं श्रीमती रश्मि जैन विशिष्ट सदस्य के संयोजन में श्री निर्मल विवेक स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को भोजन कराया गया। दिगंबर जैन महासमिति पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल कुमार संघी ने अवगत कराया कि इसी के साथ हॉस्टल में दैनिक काम में आने वाली सामग्री यथा घी, तेल, चावल, चीनी, विभिन्न प्रकार की दालें, आटा, पोहे, बेसन, टूथपेस्ट, टूथब्रश, नहाने एवं कपड़े धोने हेतु साबुन आदि सामग्री प्रदान की गई। बनवारी लाल मधुकर ने एवं स्कूल के प्रिंसिपल साहब ने स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पश्चिम संभाग के महामंत्री महेंद्र कुमार छाबड़ा ने अवगत कराया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार जैन पांड्या की गरिमामई उपस्थिति रही। उसी के साथ डा आर के जैन, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, डा णमोकार जैन, डॉक्टर जी सी जैन, सतीश भोच, वीरेंद्र सेठी, मनोज गोधा, अशोक जैन, सरला संघी, रश्मि जैन एवं जैनेंद्र कुमार जैन के



परिवारजन की भी गरिमा मयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सहयोग कर्ता जैनेंद्र कुमार जैन का सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा तथा उनकी धर्मपत्नी को श्रीमती सरला संघी ने एवं संयोजक श्रीमती रश्मि जैन ने माला पहनाकर तथा दुपट्टा उढाकर स्वागत किया। मनोज गोधा कोषाध्यक्ष द्वारा स्कूल से प्राप्त की गई रसीदें श्री जैनेंद्र कुमार जैन को प्रदान की गई। सुरेंद्र कुमार पांड्या ने अपने उद्बोधन में कहा की पश्चिम संभाग निरंतर ही कुछ ना कुछ सामाजिक एवं चैरिटेबल कार्य की गतिविधियां करता रहता है एवं आज के कार्यक्रम की प्रशंसा की। श्रीमती रश्मि जैन संयोजक ने सभी उपस्थित महानुभावो का धन्यवाद प्रेषित किया।

# जेएसजी जनक संगिनी का गेट टू गेदर कार्यक्रम संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जेएसजी जनक संगिनी का धमाकेदार प्रोग्राम 18 दिसंबर को द लोकल टेबल सी स्कीम में आयोजित किया गया। पूर्व अध्यक्ष रश्मि जैन ने बताया प्रोग्राम में रेड एंड वाइट थीम, गेम्स, हाउजी आदि गेम्स खिलाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रौनक जैन द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष कविता, सचिव निधि जेन ने सभी का स्वागत किया एवम् सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रोग्राम में अपना पूरा सहयोग दिया।

# श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

## रेलवे स्टेशन के बाहर विशाल काय भगवान महावीर की प्रतिमा होगी विराजमान

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**




विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अति प्राचीन रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का आज रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन पहुंचकर जायजा लिया गया ।इस अवसर पर आज मुख्य रूप से सहायक मंडल इंजीनियर गंगापुर सिटी अनिल कुमार जैन सहायक अभियंता वाहिद खान श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के जनसंपर्क अधिकारी पंडित मुकेश जैन शास्त्री वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के प्रशासनिक व्यवस्थापक प्रवीण जैन वरिष्ठ खंड इंजीनियर शहवाग अख्तर वरिष्ठ खंड इंजीनियर जितेश कुमार सहित निर्माण कंपनी के कई अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत संपूर्ण भारत के सैकड़ो स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत यात्री सुविधा के लिए विकास कार्य एवं सौंदर्य करण के कार्य के तहत श्री महावीर जी रेलवे स्टेशन को भी इस योजना में शामिल किया गया है। श्री महावीर जी में संपूर्ण भारतवर्ष से आने वाले तीर्थ यात्रियों की भावना एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होने जा रहा है स्टेशन पर एक्सीलेटर युक्त 12 मीटर चौड़ाई वाला ओवर ब्रिज, प्लेटफार्म पर आने जाने के लिए पश्चिम दिशा में मैं पृथक रास्ता बनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन प्रांगण में भगवान महावीर की ब्रांज मेटल की 1000 किलो से अधिक वजन की पद्मासन प्रतिमा, कलात्मक छतरी के अंदर लगभग 11फीट ऊंचाई पर विराजमान की जाएगी। रेलवे स्टेशन प्रांगण में ग्रीन बेल्ट डेवलप की जाएगी एवं बंसी पहाड़पुर के लाल पत्थर की छत्रियों से युक्त सेल्फी स्टैंड बनाया जाएगा। प्रतिमा के ऊपर भी लाल पत्थर की कलात्मक छतरी बनाई जाएगी साथ ही स्टेशन के बाहर वाटर फाउंटेन, पार्किंग एवं स्टेशन आने जाने के लिए अलग से रास्ते, सिंह द्वार आदि भी बनाए जाने प्रस्तावित है। आज स्टेशन के बाहर प्रतिमा विराजमान करने के स्थान का बारीकी निरीक्षण किया गया ।रेलवे सूत्रों के अनुसार यह प्रतिमा जमीन से 11 फिट की ऊंचाई पर विराजमान की जाएगी साथ ही स्टेशन के बाहर विशाल सिंह द्वारा भी बनाया जाएगा। स्टेशन बिल्डिंग के ऊपर छतरियां लगाकर उसकी जैन तीर्थ स्थल का स्वरूप दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमित भारत स्टेशन स्कीम के तहत लगभग 20 करोड रुपए की राशि के विकास कार्य श्री महावीर जी स्टेशन पर किए जा रहे हैं। इन कार्यों की देखने के लिए समय-समय पर रेलवे की उच्च अधिकारी जाकर निरीक्षण कर रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री व विधायकों का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ,मालवीय नगर के विधायक कालीचरण सराफ, किशनपोल के अमीन कागजी, आदर्श नगर के रफीक खान, सिविल लाइंस के गोपाल शर्मा व हवामहल के बालमुकुंदाचार्य का जयपुर हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों से भेंट की और गुलदस्ता व शॉल पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष रमन लोहिया ने बताया कि इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री मनोज जैन पापड़ीवाल के साथ कार्यकारिणी सदस्य शिव जालान,रामावतार स्वामी,दीपक अग्रवाल आदि ने भेंट कर एसोसिएशन की गतिविधियों की जानकारी दी। सभी राजनेताओं ने भविष्य में यथा संभव सहयोग का पूरा आश्वासन दिया।

# बच्चों का एक सार्थक प्रयास

## प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग कर प्याऊ का निर्माण, प्लास्टिक की बोतलों से विनाशकारी प्रदूषण कम करने का दृढ़ निश्चय




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** हम में से बहुत से लोग शायद नहीं जानते कि एक प्लास्टिक की बोतल को नष्ट होने में 700 वर्ष का समय लगता है। हम पानी की खाली बोतलों को बिना सोचे समझे कि इससे पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंच सकता है इधर-उधर फेंक देते हैं।इसी जानकारी को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से आर्किटेक्ट रूबी गोस्वामी ने अपनी पुत्री अहाना गोस्वामी जो जयश्री पेरीवाल स्कूल, महापुरा की 12वीं कक्षा की छात्रा है को अपने स्कूल मित्रों के साथ सड़क पर फेंकी पानी की प्लास्टिक की बोतलों को इकट्ठा कर एक प्याऊ बनाने को प्रेरित किया। स्कूली बच्चों ने सड़कों से बोतलों को इकट्ठा करने की योजना बनाई और उनका सदुपयोग करते हुए प्याऊ बनाने की क्रिया आरंभ की। खाली बोतलों में मिट्टी भर कर उसे मजबूती प्रदान की गई। बच्चों की अथक मेहनत के फल स्वरुप अब तिलक नगर, जयपुर के प्रभु मार्ग से गुजरने वाले राहगीर इस प्याऊ से रोज अपनी प्यास बुझाते हैं और उस पर लगे पोस्टरों से प्लास्टिक से होने वाले प्रदुषण की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। स्कूली बच्चों द्वारा प्लास्टिक की बोतलों से धरती पर उत्पन्न होने वाले इस विनाशकारी प्रदूषण को कम करने का यह एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है जिसका हर कहीं अनुसरण होना चाहिए।

# आचार्य श्री को तीर्थ निर्देशिका भेंट की



**गुवाहाटी. शाबाश इंडिया**

इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी हसमुख जैन गांधी ने गुवाहाटी असम में विराजमान दिगंबर जैन आचार्य श्री प्रमुख सागर जी महाराज को भारत के दिगंबर जैन तीर्थों पर केंद्रित तीर्थ निर्देशिका भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। निर्देशिका के संबंध में गांधी ने आचार्य श्री को बताया कि तीर्थ निर्देशिका की अभी तक 90000 प्रतियां प्रकाशित हो चुकी है । आचार्य श्री ने निर्देशिका के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गांधी के प्रयास की सराहना की और निर्देशिका को तीर्थ यात्रियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर आचार्य श्री को फरवरी माह में शीतल तीर्थ रतलाम में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने हेतु शीतल तीर्थ अधिष्ठात्री डॉक्टर सविता दीदी के निर्देशन में तीर्थ अध्यक्ष श्री कमल जी ठोलिया चेन्नई, अशोक जी सेठी बेंगलुरु, गुवाहाटी समाज अध्यक्ष श्री महावीर गंगवाल, हंसमुख जैन गांधी इंदौर, श्रीमती उर्मिला गांधी इंदौर, एवं श्री विनोद बाकलीवाल मैसूर ने आचार्य श्री को श्रीफल समर्पित किया। उपस्थित सभी समाज श्रेष्ठियों ने गुवाहाटी दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष श्री गंगवाल जी के आग्रह पर असम राज्य में असम के पास ग्वालपाड़ा जिले में अवस्थित सूर्य पहाड़ पर स्थित एकमात्र तीर्थ सूर्य पहाड़ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र की वंदना भी की । गंगवाल जी ने बताया कि सूर्य पहाड़ पर्वत पर उतकीर्णित आठवीं शताब्दी की भगवान आदिनाथ, भगवान पदम प्रभु एवं भगवान सुपार्श्वनाथ की खड्गासन मनोज्ञ प्रतिमाएं हैं जो भक्तजनों के हृदय में सुख शांति की धारा वहा अपनी करुणा बिखेर रही है।

# श्रिया पिलगांवकर ने 'ड्राई डे' में अपने बॉलीवुड डांस नंबर से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रिया पिलगांवकर ने अपने पहले बॉलीवुड डांस नंबर, अपनी आगामी फिल्म 'ड्राइ डे' में लठ मार होली के गीत में अपने जीवंत ठुमकों से प्रभावित किया है। 'ताजा खबर' में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का पुरस्कार जीतने वाली श्रिया पिलगांवकर ने आगामी फिल्म 'ड्राइ डे' में अपने पहले बॉलीवुड डांस नंबर से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। 'ताजा खबर', 'ब्रोकन न्यूज' से लेकर 'गिल्टी माइंड्स' तक की पिछली भूमिकाओं में अपने किरदारों से बिल्कुल अलग, श्रिया ने लोकप्रिय 'लठ मार' होली की जीवंत भावना को स्क्रीन पर लाकर एक नया आयाम अपनाया है और हम इसे पसंद कर रहे हैं। उसका अंदाज आपको किनारे पर रखता है। यह पहली बार है जब हम श्रिया को मसाला बॉलीवुड डांस नंबर की धुन पर नाचते हुए देख रहे हैं और हम पहले से ही देसी अवतार में एक साथ रखे गए ठुमकों और होली के माहौल को पसंद कर रहे हैं। इस डांस नंबर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, श्रिया ने साझा किया, कान से कान तक मुस्कुराते हुए, श्रिया ने अपने डांस नंबर पर राज बिखेरते हुए कहा, ''हमारी फिल्म 'ड्राइ डे' और मैं में मेरा अपना होली गीत होना एक सपना सच होने जैसा है।'' मैं बहुत खुश हूं कि प्रतिक्रिया अद्भुत रही। भोपाल में इसकी शूटिंग में मुझे बहुत मजा आया।



# लाइन्स क्लब जयपुर मेन की बोर्ड मीटिंग संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लाइन्स क्लब जयपुर मैन की बोर्ड मीटिंग भट्टारक जी की नसिया में क्रिसमस थीम पर आयोजित की गई। जिसमें नव गठित टीम द्वारा आगामी वर्ष 2024 में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। क्रिसमस पर आधारित मनोरंजक कार्यक्रम किया गया। अन्त में सचिव रतन सोगानी ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संयुक्त परिवार समाज की रीढ़ ;- गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

प.पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी की पावन धरा पर धर्म का परचम लहरा रही है । प्रतिदिन भक्तगण क्षेत्र पर शांतिप्रभु के चरणों में शांतिधारा करने , गुरु माँ की आहारचर्या कराने व ससंघ की हर क्रिया व चर्या से जुड़ने पहुँच रहे हैं। पूज्य माताजी ने सभी को धर्म से जुड़े रहने हेतु धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - किसी भी व्यक्ति के विकास में उसके परिवार का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चे पर प्रथम प्रभाव परिवार के माहौल का ही पड़ता है। यदि पारिवारिक माहौल अच्छा है तो वह तेजी के साथ मानसिक रूप से सबल होने लगता है। उसकी बौद्धिक एवं आध्यात्मिक क्षमता में सकारात्मक परिवर्तन देखा जा सकता है। इसके विपरीत यदि परिवार का माहौल ठीक न हो तो बच्चा टूटने लगता है। उसका विकास अवरुद्ध होने लगता है। वह मानसिक एवं बौद्धिक रूप से कमजोर होने लगता है। उसके स्वभाव में नकारात्मकता आने लगती है। वह उद्विग्न रहने लगता है। कभी-कभी वह हिंसक भी हो जाता है। वात्सल्य, ममत्व, स्नेह, त्याग, विश्वास ये सभी परिवार के अधिष्ठान गुण हैं। जिस परिवार के सदस्यों के भीतर ये सब निहित हैं, निश्चित रूप से वह परिवार एक आदर्श परिवार का उदाहरण है। भारतीय संस्कृति एवं जीवन पद्धति में परिवार का विशेष महत्व है। परिवार रूपी संस्था से ही राष्ट्र के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त होता है। संयुक्त परिवार हमारे समाज की रीढ़ है। वर्तमान में परिवारों का विघटन हमारी पारिवारिक शक्ति को क्षीण कर रहा है। यह हमारी संस्कृति के मूल्यों से मेल नहीं खाता। इसी कारण आज पारिवारिक तनाव की स्थितियां बढ़ रही हैं। लोग स्वयं को एकाकी महसूस कर रहे हैं। अपनी परेशानी साझा करने के लिए उन्हें कोई मिल नहीं पा रहा। इससे बच्चों की परवरिश पर भी प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें दादा-दादी का प्यार और उचित संस्कार नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनके भीतर अपेक्षित मूल्यों का संचार नहीं हो रहा। इससे उनकी बौद्धिक व नैतिक विकास की गति धीमी पड़ रही है। अतः हमें पर्यास करना चाहिए कि हम संयुक्त परिवार के साथ ही रहे ।



# फिर से स्वर्ग बन रहा है हमारा कश्मीर



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद, कश्मीरी भारतीयों की नव स्थापित फर्मों में काम कर रहें हैं और अच्छा पैसा कमा रहें हैं। अधिक नौकरियाँ पैदा करने से अनिवार्य रूप से अपराध कम हो रहें है। कश्मीरी अपनी जमीन पट्टे पर देकर आर्थिक रूप से सुदृढ हो रहें है। निजी व्यापार मालिक कश्मीर में कारखाने स्थापित कर रहें हैं, जिससे कश्मीरियों और भारतीयों के लिए नौकरियाँ पैदा हो रही हैं। 40% कश्मीरियों के पास नौकरियों की कमी, घाटी में अपराध में वृद्धि का मुख्य कारण है। निजी निवेश से असामाजिक कृत्यों में कमी आएगी। जमीन की कीमतें बढ़ रही है, जिससे कश्मीरियों को महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के साथ, अब सभी कश्मीरियों को शिक्षा का अधिकार है। कश्मीरियों को अब सब कुछ जानने का अधिकार है क्योंकि देश एक झंडे और एक राष्ट्र के अधीन है। यह कानून अब कश्मीरियों को राज्य में स्थित संस्थानों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार देता है। आगे भी इस बात की 100% संभावना है कि कश्मीर में निवेशकों के निवेश के परिणामस्वरूप घाटी में नए शैक्षणिक संस्थान खुलेंगे; इससे बच्चे, विशेषकर लड़कियाँ शिक्षित होंगी।

प्रियंका सौरभ: **रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, उब्बा भवन, आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)-127045**

# फोटोशूट एक्टिविटी नूर-ए-टेल ऑफ ब्राइडल अफेयर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

फोटोशूट एक्टिविटी नूर-ए-टेल ऑफ ब्राइडल अफेयर में शहर की मॉडल्स ने हैवी रिच क्लास ज्वैलरी और ट्रेडिशनल ड्रेसेज में लेटेस्ट ब्राइडल फैशन ज्वैलरी को शोकेस किया। इस फोटोशूट एक्टिविटी में वर्ष 2024 में आने वाले ज्वैलरी, मेकअप और फैशन के नए ट्रेंड्स को एक्सपोज किया गया। यह फोटोशूट बुधवार को चौड़ा रास्ता स्थित अलूदा हाउस में दी वेलवेट बॉक्स वेडिंग एसेंशियल की ओर से आयोजित किए गया। आयोजक निकिता कोठारी और ऋषभ बज ने बताया कि यह एक कॉन्सेप्ट बेस्ड फोटोशूट एक्टिविटी है। इसमें पांच प्रोफेशनल मॉडल्स ने एक्सक्लूसिव ज्वैलरी की रेंज को प्रस्तुत किया है। इस एक्सक्लूसिव ज्वैलरी रेंज के बेसिस पर ब्राइड को मेकअप, ज्वैलरी और फैशन के कई सारे ऑप्शंस प्रोवाइड करवाए जाएंगे। शूट में प्रियांशी जैन, नीलम पालीवाल, नीलम तकियानी, अल्पिता गोयल और गुंजन शर्मा ने पार्टिसिपेट किया।

## हँसी उड़े संविधान की

संसद में मचता गदर, है चिंतन की बात।
हँसी उड़े संविधान की, जनता पर आघात।।

भाषा पर संयम नहीं, मर्यादा से दूर।
संविधान को कर रहे, सांसद चकनाचूर।।

दागी संसद में घुसे, करते रोज मखौल।
देश लुटे लुटता रहे, खूब पीटते ढोल।।

जन जीवन बेहाल है, संसद में बस शोर।
हित सौरभ बस सोचते, सांसद अपनी ओर।।

संसद में श्रीमान जब, कलुषित हो परिवेश।
कैसे सौरभ सोचिए, बच पायेगा देश।।

लोकतंत्र अब रो रहा, देख बुरे हालात।
संसद में चलने लगे, थप्पड़, घूसे, लात।।

जनता की आवाज का, जिन्हें नहीं संज्ञान।
प्रजातंत्र का मंत्र है, उन्हें नहीं मतदान।।

हमें आज है सोचना, दूर करे ये कीच।
अपराधी नेता नहीं, पहुंचे संसद बीच।।



-डॉ. सत्यवान सौरभ

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com